>

Title: Need to open branches of District Co-operative Bank and other banks in Akola, Maharashtra.

श्रीमती भावना पाटील गवली (यवतमाल-वाशिम): माननीय सभापति जी, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण विषय सदन में उठाने जा रही हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र वाशिम में जिला कोआपरेटिव बैंक की मांग बहुत सालों से हो रही है। वहाँ के किसान और जनता बहुत सालों से यह मांग कर रहे हैं। अकोला जिला कोआपरेटिव बैंक का विभाजन कर वाशिम में जिला कोआपरेटिव बैंक खोलने का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास पड़ा हुआ है। राज्य सरकार द्वारा वह प्रस्ताव नाबार्ड के पास न भेजने के कारण बैंक का निर्माण रुक गया है। प्रस्ताव के लंबित होने से क्षेत्रीय जनता और किसान काफी परेशान हैं जिसके लिए वाशिम में आंदोलन होते रहते हैं। यदि वाशिम में जिला कोआपरेटिव बैंक की स्थापना होती है तो वहाँ के किसानों और जनता अकोला जिला कोआपरेटिव बैंक पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

इसलिए मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि अकोला जिला काआपरेटिव बैंक का विभाजन कर वाशिम जिला कोआपरेटिव बैंक की स्थापना करने का आदेश नाबार्ड को दें। इससे वाशिम के किसानों और जनता को सुविधा होगी। किसानों और क्षेत्रीय जनता को भी इसका फायदा होगा। मैं मांग करती हूँ कि केन्द्र सरकार इस विषय को गंभीरता से ले और जो वहाँ की जनता की मांग है, वह जल्द से जल्द पूरी करे।